**PRINT**

# प्रभात खबर


| | | |
|---|---|---|
| Regional News Paper | Edition: Jharkhand | Circulation: 45340 |
| Date: 21.07.2026 | Page No -- | Serial No.: |

# निरसा व बाघमारा में 143 टन अवैध कोयला जब्त

P.K. P-07

- सीआइएसएफ व इसीएल सुरक्षा टीम की कार्रवाई, दो ट्रैक्टर व चार बाइक भी जब्त

**निरसा.** निरसा थाना क्षेत्र के वीरसिंहपुर में सीआइएसएफ और इसीएल की सुरक्षा टीम ने संयुक्त छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध कोयला जब्त किया है. गुप्त सूचना के आधार पर वीरसिंहपुर टावर के पीछे मैदान और जंगल में कार्रवाई करते हुए टीम ने तस्करों द्वारा जमा कर रखी गयी करीब दो से तीन हजार बोरियों में भरा 63 मीट्रिक टन अवैध कोयला बरामद किया. मौके से दो ट्रैक्टर और चार मोटरसाइकिल भी जब्त की गयी हैं. जानकारी के अनुसार तस्करों की योजना रात के अंधेरे में स्कूटर, मोटरसाइकिल और पिकअप वैन के जरिए कोयले को क्षेत्र के चिन्हित उद्योगों तक पहुंचाने की थी.



वीरसिंहपुर में जब्त कोयला.

छापेमारी की भनक लगते ही तस्कर मौके से फरार हो गये. कार्रवाई के बाद जब्त कोयले को पास की कोलियरी में जमा करा दिया गया है. बताया जाता है कि क्षेत्र के भट्ठों में बड़े पैमाने पर अवैध कोयले का भंडारण कर ट्रकों से बाहर भेजा जाता रहा है. ट्रैक्टरों के माध्यम से भट्ठों तक अवैध कोयला पहुंचाया जाता था. इस संबंध में इसीएल के सुरक्षा अधिकारी रूपेश सिन्हा ने बताया कि 63 मीट्रिक टन अवैध कोयला जब्त किया गया है. मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जायेगी.

## भीमकनाली में वन विभाग व सीआइएसएफ ने मारा छापा

**बाघमारा.** बाघमारा कोयलांचल में अवैध कोयला कारोबार के खिलाफ सुरक्षा बलों ने एक बार फिर बड़ी कार्रवाई की है. बीसीसीएल ब्लॉक दो क्षेत्र के सीआइएसएफ, बाघमारा थाना पुलिस एवं वन विभाग की टीम ने रविवार को एक संयुक्त छापेमारी अभियान चलाकर भीमकनाली मांझी बस्ती स्थित फोरेस्ट एरिया में संचालित अवैध कोल डिपो से 80 टन80 अवैध कोयला जब्त किया. कोयले को बीसीसीएल को सौंप दिया गया.